



# रायसेन में प्रभारी मंत्री पवार ने किया ध्वजारोहण





**बोले-स्वदेशी आंदोलन जुड़ना आवश्यक**

**रायसेन, 16 अगस्त. रायसेन के होमगार्ड मैदान पर जिले के प्रभारी मंत्री और मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग विकास विभाग के राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया. उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद परेड की सलामी ली और आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े. इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया.**

कार्यक्रम में जिला पुलिस महिला पुलिस बल, होमगार्ड, कोटवार एवं स्कूल के कैडेट्स परेड की, जो मंच के सामने से सलामी देते हुए गुजरी. इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव के संदेश का बड़ी स्क्रीन पर प्रसारण किया गया. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी.

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी देशवासियों और स्कूली बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की 79 सी वर्षगांठ की हार्दिक बधाई दी. साथ प्रभारी मंत्री श्री पवार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन कन्हैया सुरमा, ऋषि नाथ कशवाह, राजीव शर्मा को सम्मानित करने के साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए. कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ स्थानीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया व अन्य अधिकारी और स्कूली बच्चे उपस्थित थे.

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**रायसेन, 16 अगस्त.** जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने स्वतंत्रता दिवस पर जिला पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण किया. इस दौरान जिला पंचायत अधिकारी अंजू भदोरिया व जिला पंचायत के सभी कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे.

## उदयपुरा में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**उदयपुरा .** नगर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया गांधी चबूतरा पर आयोजित मुख्य समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष सीमा बृजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा ध्वजारोहण किया गया समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित शासकीय-अशासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्रा, गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी सेनानियों के परिजनों का अध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया. अपने उद्बोधन में नगर परिषद अध्यक्ष ने उदयपुरा नगर को एक सुव्यवस्थित विकसित आदर्श नगर बनाने की बात कही और आगामी योजनाओं का उल्लेख किया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रकाश नारायण राय द्वारा किया गया.

# बेगमगंज में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**बेगमगंज, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह स्थल गांधी बाजार में जयस्तंभ पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रुचि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किए जाने के पश्चात जनप्रतिनिधियों , प्रशासनिक अधिकारियों , समाजसेवियों , कर्मचारियों , विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों , दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा एवं कांग्रेस के नेताओं की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया**

. नगरपालिका भवन पर नपाध्यक्ष संदीप लोधी , विधायक देवेंद्र पटेल ने निवास पर , न्यायालय भवन प्रथम जिला सत्र न्यायाधीश सविता ओगले , तहसील व एसडीएम कार्यालय भवन पर एसडीएम सौरभ मिश्रा, कृषि उपज मंडी समिति प्रशासक एसडीएम सौरभ मिश्रा , सेंट थॉमस कान्वेंट स्कूल भवन पर मैनेजर सिस्टर बलसा व जितेंद्र सिंह तोमर, वनविभाग कार्यालय रेंजर अरविंद अहिरवार , सेमरी



परियोजना कार्यालय एसडीओ जल संसाधन अरविंद यादव , ब्लॉक शिक्षा कार्यालय एवं शा. कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बीईओ व प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र श्रीवास्तव ,एसडीओपी कार्यालय आलोक श्रीवास्तव ,थाना भवन टीआई राजीव उइके , मप्र आजीविका मिशन कार्यालय समन्वयक सुधीर सोनी , महिला एवं बाल विकास कार्यालय परियोजना अधिकारी रामकुमार सोनी, उपजेल जेलर कमल किशोर कोरी , कृषि भवन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डीके नायक , सहकारी बैंक पर शाखा प्रबन्धक हरेंद्र यादव , सिविल अस्पताल बीएमओ डॉ. नितिन तोमर ,भा.स्टेट बैंक मैनेजर तेजस्वी पटेल , पीडब्ल्यूडी कार्यालय एसडीओ राजाराम , नवांकुर हाई स्कूल संचालक अमर सिंह शाक्य , एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल संचालक राजेश मिश्रा , चिल्डन केयर पब्लिक स्कूल संचालक राशिद अली , इत्यादि सहित सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों व मदरसों में प्राचार्य एवं पंचायत भवनों में सरपंचों तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान किया गया. भा. स्टेट बैंक में पूर्व सैनिकों को मैनेजर एवं स्टॉफ ने सम्मानित किया. वहीं पठान वाली मस्जिद मदरसा के बच्चों एवं विधायक देवेंद्र पटेल के समर्थकों ने भी आकर्षक रैली निकाली.




# विधायक की तिरंगा यात्रा में दिखी सद्भावना की झांकी

**बेगमगंज, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस पर विधायक देवेंद्र पटेल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा लोहा मील चौराहे से प्रारंभ हुई. तिरंगे झंडों से सजी करीब 500 बाइक एवं चार पहिया वाहनों , ऑटो , ट्रैक्टर पर सवार होकर दोनों समुदायों के युवाओं की टोलियां अपने - वाहनों पर सवार होकर भारतमाता की जय , जयहिंद , हम सब एक है ओर सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा के नारों के साथ चल रहे थे.**

रैली में विधायक देवेंद्र पटेल स्वंय ट्रैक्टर चलाते हुए मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री राजेन्द्र सिंह तोमर , पार्षद प्रतिनिधि अहमद अली , हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय राय एवं मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष शफीक अली को साथ लेकर चल रहे थे. देशभक्ति से परिपूर्ण तिरंगा रैली में भारी जनसैलाब उमड़ा. मुख्य सागर -भोपाल मार्ग से सीएम राइज स्कूल के सामने स्थापित भारतमाता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कृषि उपज मंडी पहुंची ओर

वहां से वापिस नया बस स्टैंड स्थित रानी अवंतिका बाई प्रतिमा के सामने पहुंची और उन्हें भी पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद समापन किया गया.

▸ एक नजर में ◂

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

**देवरी, 16 अगस्त.** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर का माहौल भक्ति एवं उल्लास से सराबोर रहा. नगर के न 45 रोड स्थित ,राधा कृष्ण मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. हाथों में केसरिया एवं धार्मिक ध्वज थामे श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़े. यह शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली. शोभायात्रा में सुंदर झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों का मनोहारी प्रदर्शन किया गया, जिन्हें देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में नगरवासी उमड़े. जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. बैंड बाजों और भजन-कीर्तन के स्वर से पूरा नगर गूंज उठा. श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया और सुबह से ही कन्या भोज किया गया .

## ज्ञानसागर पब्लिक स्कूल में हुई मटकी फोड़ स्पर्धा

**सिलवानी, 16 अगस्त.** शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जमुनिया में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर हो गया. छात्र-छात्राएं भगवान श्रीकृष्ण और राधा की सुंदर वेशभूषा में सजकर कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दो टोलियों में विभाजित होकर पारंपरिक गोविंदा अंदाज में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में विजयी गोविंदाओं ने मटकी फोड़कर पूरे विद्यालय को जय कन्हैया लाल की के नारों से गुंजायमान कर दिया. यह आयोजन सनातन संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करता हुआ, विद्यार्थियों के लिए आनंद और सीख से भरपूर रहा.

# किसान जागृति संगठन मुख्यालय पर किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 16 अगस्त. 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किसान जागृति संगठन मुख्यालय ठाकुर केसरी सिंह भवन सलामतपुर में ध्वज रोहण किया गया. ध्वजा रोहण नरोदा के वरिष्ठ कृषक ठाकुर राजेंद्र सिंह के द्वारा किया गया.**

ध्वजारोहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान जागृति संगठन प्रमुख इरफान जाफरी ने कहा कि आजादी बहुमूल्य है इसे बचाकर रखना हमारा कर्तव्य है देश में सद्भाव समभव के साथ काम करने की आवश्यकता है सभी नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए शिक्षा और कर्म पर हमें विश्वास करना चाहिए देश आज लहू नहीं मांग रहा बल्कि आपका कर्म मांग रहा है और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को इस अवसर पर याद किया गया.



इस दौरान किसान जागृति संगठन के प्रमुख इरफान जाफरी जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह यादव, कार्यालय प्रभारी विजय चौकसे, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत, जमुना प्रसाद लोधी, बशीरुद्दीन जी, कन्हैयालाल चौरसिया, रूप सिंह ठाकुर, हिम्मत सिंह मीणा, तुलसीराम लोधी, जाहिद मोहम्मद, नारायण सिंह मीणा, मलखान सिंह ठाकुर, उपेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश मीणा पूर्व सरपंच, ठाकुर सतीश सिंह, मदन लोधी, मलखान सिंह मीणा, शंकर मेहरा, मकसूद खान, कमल सिंह राजपूत, दिलीप सिंह राजपूत, मोहन सिंह राजपूत, प्रेम सिंह राजपूत, पवन सिंह राजपूत, मोहम्मद ताजवर, निरंजन सिंह ठाकुर, खूब सिंह शाक्य, जीवन सिंह यादव, गुड्डू मेहरा, सोरभ शर्मा सहित अन्य किसान और नागरिक भी उपस्थित रहे.



# शहीदों को याद कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

**सलामतपुर, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस पर ब्राइट फ्यूचर स्कूल सहित अन्य स्कूलों के द्वारा बच्चों की प्रभात फेरी निकाली गई. सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण किया गया.**

थाना सलामतपुर में प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज चौकी में एएसआई सुनील शर्मा, वेयर हाउस में प्रबंधक विजेन्द्र कुमार उइके, विद्युत मंडल कार्यालय में मनीष श्रीवास्तव, एसबीआई में मैनेजर सिद्धार्थ महाले, खाद गोडाउन में अदीब अतीक खान, अस्पताल में डॉ. रामया सक्सेना, ग्राम पंचायत सुनारी में सरपंच लक्ष्मी बाई शेर सिंह, रातातलाई में सरपंच रघुवीर मीणा, सोयायटी में प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी, दीवानगंज सोसायटी में प्रबंधक देवेन्द्र मीणा, पगनेश्वर सोसायटी में नवल मेहरा, सांची सोसायटी में नरेश राजपूत, मुडियाखेड़ा में सिया बाई , शाहपुर पंचायत में मोहन किशोर, खोहा पंचायत में कालूराम मीणा, मेढ़की पंचायत में सरपंच संगीता रावत, सेमरा पंचायत में सरपंच भानु लोधी, नरखेड़ा पंचायत में सरपंच रामदयाल लोधी, हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य अक्षय गोयल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया.

# बिजली गिरने से बुजुर्ग, 20 बकरियों की मौत

**बारिश से बचने जिस पेड़ के नीचे बैठे उसी पर गिरी बिजली**

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर.16 अगस्त. शनिवार दोपहर 4 बजे के लगभग सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हलाली डेम के पास जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग और उसके बीस बकरा बकरियों सहित एक कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी मिलते ही सलामतपुर पुलिस थाने का अमला और खोहा पंचायत के सरपंच कालूराम मीणा मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने मौके से बुजुर्ग का शव पीएम के लिए सांची सिविल अस्पताल में भेज कर मर्ग का मामला कायम किया है.**

पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर के समय खोहा गांव से तुलसीराम मालवीय पिता इमरतलाल मालवीय उम्र 69 वर्ष हलाली डेम के पास जंगल में अपने बकरा बकरी चराने के लिए निकले थे. इस दौरान उनका पालतू कुत्ता भी उनके साथ था. दोपहर के समय तेज़ बारिश शुरू होने के बाद तुलसीराम मालवीय जंगल में पेड़ के नीचे पानी से बचने के लिए बैठ गए. तभी आकाशीय बिजली उसी पेड़ पर गिरने से नीचे बैठे तुलसीराम और उनके बकरा बकरियो के साथ ही पालतू कुत्ता भी चपेट में आ गए. और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने मामले को जांच में लिया है. सांची जनपद के खोहा गांव में रहने वाले तुलसीराम मालवीय रोज़ की तरह शनिवार को भी बकरा बकरियों को चराने के लिए गांव से निकले थे. उस दौरान उनका पालतू कुत्ता भी उनके साथ था. बकरियों को चराते-चराते तुलसीराम हलाली डेम के जंगल में पहुंच गए. उसी समय मौसम अचानक बदला और तेज़ बारिश होने लगी. बारिश के पानी से बचने के लिए तुलसीराम नीम के पेड़ के नीचे बीस बकरे बकरियों और पालतू कुत्ते के साथ बैठ गए. तभी तेज़ आकाशीय बिजली चमकी और पेड़ पर ही गिर गई. जिसकी चपेट में आने से तुलसीराम मालवीय और उनके बीस बकरा बकरियों सहित कुत्ते की मौत हो गई.

## विधायक देवेंद्र पटेल दूसरी बार बने जिला कांग्रेस अध्यक्ष



**बेगमगंज, 16 अगस्त.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल द्वारा मप्र के 71 जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष की आज घोषणा कर दी है. रायसेन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर सिलवानी बेगमगंज क्षेत्र के विधायक देवेंद्र पटेल को नियुक्त किया गया है. विधायक पटेल पूर्व में भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं. उनकी नियुक्ति पर मिलीजुली प्रतिक्रिया हो रही है. उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई देते हुए अ.भा.कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रांतीय अध्यक्ष जीतू पटवारी, कमलनाथ, दिग्विजयसिंह, उमंग सिंगार सहित सभी वरिष्ठजनों का आभार प्रदर्शन किया है.

# सिलवानी में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

**बाइक रैली ने बढ़ाया जश्न-ए-आजादी का उत्साह**

**सिलवानी, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिलवानी नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा पूरे गौरव के साथ लहराया. नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष रेशू विभोर जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया.**

इस दौरान अध्यक्ष रेशू विभोर जैन ने कहा कि भारत आज गौरवान्वित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जैसे नेतृत्वकर्ता देश व प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं. उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए नगर में निरंतर विकास और स्वच्छता के प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया.

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मेडल, प्रमाणपत्र, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. वहीं स्टेट हाईवे-15 टोल टैक्स नाके से राजपाल राजपूत, राजा रघुवंशी, अनिल रघुवंशी तथा युवाओं के नेतृत्व में विशाल बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई. डीजे की धुन पर देशभक्ति के गीत गाते हुए सैकड़ों युवक बाईक रैली के रूप में तिरंगा लहराते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुज़रे. यात्रा का नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. यह यात्रा बजरंग चौराहा, गांधी चबूतरा, पुराना बस स्टैंड, नगर परिषद, तहसील प्रांगण होते हुए संपन्न हुई. यात्रा का समापन बजरंग चौराहा पर स्थित पुलिस चौकी में युवाओं और वरिष्ठ जनों द्वाराभारत माता की आरती के साथ विशाल तिरंगा बाइक रैली का समापन हुआ आयोजक राजा रघुवंशी ने इसे वीर शहीदों को समर्पित बताया.

# बेगमगंज में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**बेगमगंज, 16 अगस्त. कान्हा का जन्मोत्सव यादव महा सभा के तत्वाधान में यदुवंशियों के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान के साथ हर्षोल्लास से दशहरा मैदान में सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया गया. भगवान श्रीकृष्ण के बाल्य स्वरूप की झांकी सुसज्जित रथ पर सवार होकर दशहरा मैदान से विधिविधान से पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण के लिए निकली.**

जगह - जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं आरती उतार कर भगवान विष्णु के आठवें अवतार द्वापर युग में अवतार लेने वाले कान्हा का आत्मिक स्वागत किया गया. कान्हा की शोभायात्रा में प्रचलित वाद्य



यंत्रों, अखाड़ों ढोल- ढपला रमतूला एवं बुंदेलखंडी राधे-राधे ग्रुप के कलाकारों की मनमोहन रासलीला नृत्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा. शोभायात्रा भोपाल रोड , नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप रोड , शिवालय चौक , पुराना बस स्टैंड से होते हुए वापिस दशहरा मैदान पहुंची.

**कार्रवाई** ▸ कार में मिले सागौन के 7 नग, बाजार मूल्य 25 हजार रुपये आंका

# सागौन से भरी कार पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

**बम्होरी/ सिलवानी, 16 अगस्त. वन मण्डल अधिकारी सामान्य रायसेन प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में एवं उप वनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी इन्दर सिंह वारे के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा ने वन अमले के साथ मुखबिर की सूचना के आधार पर परिसर खमरिया, खान बरेली, सिंहपुरी, कोटा के रास्तों पर दबिश दी गई.**

रात्रि लगभग 9 बजे ग्राम



कोटा के रास्ते से एक कार मारूती 800

आती हुई दिखाई दी, वन अमले ने जैसे ही कार को रोकने का इशारा दिया तो कार चालक ने कार को तेज गति से चला कर भागने का प्रयास किया. वन अमले के द्वारा कार का पीछा कर कुछ दूरी पर कार को पकड़ चैंकिंग की गई तो उसमें गीले सागौन के नग 7 के भरे हुये थे. मारूती कार 800 जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर एम0पी0 04 एच.ए. 2702 की नम्बर प्लेट लगी थी. मौके पर कार चालक एवं अन्य एक को पकड़कर पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान ने उन्होंने अपने नाम दिनेश पुत्र हरिकेश उम्र लगभग 24 वर्ष एवं अनिकेत पुत्र जगराम उम्र लगभग 18 वर्ष दोनों निवासी खमरिया मानपुर बताया. आरोपियों को मौके पर पंचनामा तैयार कर गिरफ्तार किया जाकर मय जप्त वाहन मारूती 800 एवं उसमें भरे हुये गीली सागौन ईमारती नग 07 घन मीटर 0.314 जिसका बाजार मूल्य लगभग 25000 रुपये आंका है. आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा, कमलेश तिवारी परिक्षेत्र सहायक समनापुर, अमित धुर्वे, हरनारायण सिंह वन रक्षक, परषोत्तम रजक, श्याम सिंह रघुवंशी, मनोज साहू, रमाकांत रघुवंशी, भूपेन्द्र लोधी, वीरेन्द्र त्रिपाठी आदि का सहयोग रहा.